हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 2 अप्रैल 2025

04 किराए के मकान में रहने वाला पटवारी बुलेट गति...



05 4 लाख रुपए की तत्काल मदद, 90 फीसदी...





महापौर संगीता सुशील तिवारी ने 2023 में मरम्मत, गहरीकरण के लिए की थी मांग

## राजघाट बांध की होगी मरम्मत, केंद्र सरकार की योजना में राज्य सरकार से मिले 5.30 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

राजघाट बांध की मरम्मत का काम अब हो सकेगा। केंद्र सरकार की वाटर बॉडी रिजवनेशन के अंतर्गत इस काम के लिए 5 करोड़ 30 लाख रुपए की राशि जारी की गई है। मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने 25 मार्च को इसकी स्वीकृति जारी की है। महापौर संगीता सुशील तिवारी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का आभार जताया है। गौरतलब है कि राजघाट बांध का निर्माण वर्ष 2003 में किया गया था।

निर्माण के उपरांत बांध की मरम्मत कार्य न होने से बांध काफी खराब स्थिति में आ गया था। इसी को लेकर वर्ष 2023 में महापौर संगीता सुशील तिवारी ने सरकार को पत्र लिखकर




मरम्मत एवं गहरीकरण के लिए राशि की मांग की थी। इसके बाद राज्य सरकार द्वारा सर्वे कराया गया। इसकी डीपीआर तैयार की गई। जिस पर अब शासन ने स्वीकृति जारी कर दी है।

महापौर तिवारी ने बताया केंद्र सरकार की योजना वाटर बॉडी रिजवनेशन के अंतर्गत के अंतर्गत 5 करोड़ 30 लाख की योजना की स्वीकृति राज्य शासन के द्वारा 25 मार्च को प्रदान की गई है इसे बांध की मरम्मत का कार्य हो सकेगा। इससे बांध सुरक्षित होगा। जहां जहां काम की जरूरत है, वह अब हो सकेंगे। महापौर तिवारी ने कहा शहर के लोगों को नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित कराने लगातार काम किये जा रहे हैं। राजघाट बांध से नियमित जलापूर्ति हो, इसके लिए एक अतिरिक्त बांध बनाने के लिए भी सरकार से मांग की जा रही है। हाल ही में सागर आये नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से भी इसको लेकर मांग रखी थी। जिस पर उन्होंने अविलंब मांग पूरी करने का आश्वासन दिया था।

## अग्रवाल विकास सभा सागर ने विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य सामग्री वितरित की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



स्कूलों में प्रवेशोत्सव के अवसर पर अग्रवाल विकास सभा सागर द्वारा श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र स्थित शासकीय प्राथमिक शाला गोंद लेते हुए विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य सामग्री की किट वितरित कर छात्रों का मनोबल बढ़ाया। प्रारंभ में गौरव अग्रवाल, दीपक अग्रवाल व यश अग्रवाल ने तिलक लगाकर नवप्रवेशी छात्रों का अभिनंदन किया। अग्रवाल विकास सभा के मोहन अग्रवाल ने बताया कि हमारी संस्था अग्रवाल समाज कार्यो के साथ साथ समरसता भाव से सर्व समाज हित मे शिक्षा स्वास्थ्य और कमजोर वर्ग के सामाजिक उत्थान के लिए यथासंभव सहयोग करती हैं । इसी उद्देश्य को लेकर आज हमने श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र के विद्यालय गोद लेकर वहां पढ़ने वाले छात्रों को पठन सामग्री की किट वितरित कर उनका मनोबल बढ़ाया। वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने कहां कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम नौनिहालो का भविष्य निर्माण करने में अपना अंश मात्र का सहयोग कर रहे हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए समाजसेवी गीतेश अग्रवाल गोलू ने अपने पिता की स्मृति में अपनी तरफ से वाटर फिल्टर देने की घोषणा की एवं युवा इकाई के विकास अग्रवाल टैक्सटाइल ने अपनी तरफ से विद्यालय को दो पंखे प्रदान किए। विवेक अग्रवाल बंटी एवं आशीष अग्रवाल स्मार्ट जिम ने विकास सभा से आगे भी विद्यालय को यथायोग्य सहयोग करने का आश्वासन देते हुए सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। अभिषेक अग्रवाल और गौरव अग्रवाल ने छात्रों को पेय पदार्थ व खाद्य सामग्री वितरित की।

विद्यालय परिवार की तरफ से शिक्षक पंकज सिंह राजपूत ने विकास सभा के सदस्यों का स्वागत किया एवं शिक्षक प्रेमनारायण अहिरवार ने विद्यालय में सहयोग देते के लिए विकास सभा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विवेक अग्रवाल, राजेन्द्र मलैया, दीपू अग्रवाल, यश मलैया, आशीष अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, विकास अग्रवाल उपस्थित रहे।

### खबर संक्षेप



### उप संचालक जनसंपर्क मर्सकोले ने किया पदभार ग्रहण

**सागर।** संभागीय जनसंपर्क कार्यालय सागर में आज संभागीय जनसंपर्क कार्यालय शहडोल से स्थानांतरित होकर आए उपसंचालक जनसंपर्क गुलाब सिंह मर्सकोले ने आज उपसंचालक जनसम्पर्क का पदभार ग्रहण किया। उपसंचालक जनसंपर्क द्वारा पदभार ग्रहण करने के उपरांत संभागीय जनसंपर्क कार्यालय सागर द्वारा की जा रही गतिविधियों की जानकारी ली गई। गौरतबल है कि उपसंचालक जीएस मर्सकोले दंतेवाडा, रायसेन, रतलाम, टीकमगढ़, बैतूल एवं शहडोल जिलों में जनसंपर्क अधिकारी के रूप में कार्य कर चुके हैं।

### जल गंगा संवर्धन के लिए जागरुकता रैली निकाली

**सागर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद की नवांकुर योजना अंतर्गत चयनित संस्था अंजनी जनकल्याण संस्थान समिति बीना द्वारा सार्वजनिक स्थल प्रताप वार्ड बीना में कटरा मंदिर के समीप जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जागरूकता रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिसमें नवांकुर संस्था के अध्यक्ष नंदराम कुशवाहा एवं सदस्य, बच्चे, कुशवाहा समाज के उपाध्यक्ष बलराम कुशवाहा, कटरा मंदिर के संरक्षक पंडित देवलिया एवं बड़ी संख्या में महिलाएं कलश लिए जागरुकता रैली में सम्मिलित हुई।

### संभाग कमिश्नर ने किया वेरखेड़ी गुगवारा आंगनबाड़ी का निरीक्षण

**सागर।** संभाग कमिश्नर डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत ने वेरखेड़ी गुगवारा आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम भव्या त्रिपाठी, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे । संभाग कमिश्नर डॉ. रावत ने देवरी विकासखंड के भ्रमण के दौरान गुगवारा वेरखेड़ी आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया जहां उन्होंने बच्चों को दिये जाने वाले मध्यान्ह भोजन का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी केन्द्र में बच्चों की संख्या बढ़ाएं और पूरी उपस्थिति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मध्यान भोजन सूची के अनुसार तैयार किया जावे। संभाग कमिश्नर डॉ. रावत ने कहा कि मध्यान्ह भोजन एवं बच्चों को वितरित होने वाले नाश्ता में पर्याप्त अंतर रखा जाए उन्होंने गर्भवती माताओं को वितरित होने वाले पोषण आहार की भी जानकारी प्राप्त की।

## भाजपा की जिला स्तरीय बैठक मातृशक्ति को समर्पित बैठक की कार्यवाही को मातृशक्ति ने किया संचालित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश स्तरीय बैठक उपरांत मंगलवार को जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को जिला प्रभारी श्याम सुंदर शर्मा, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, विधायक शैलेंद्र कुमार जैन प्रदेश कार्य समिति सदस्य जाहर सिंह ने संबोधित किया। आभार महापौर संगीता तिवारी ने व्यक्त किया।

नवरात्री पर्व पर आयोजित भाजपा की जिला स्तरीय बैठक में गीत मंडल अध्यक्ष मेघा दुबे, संचालन नेहा जैन, अतिथि स्वागत मंडल अध्यक्ष नीलम अहिरवार, जिला मंत्री पूनम पटेल सुषमा यादव,आभार महापौर संगीता तिवारी सहित आवश्यक कार्यवाही मातृ शक्ति द्वारा संपादित की गई। जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी द्वारा किए गए नवाचार की उपस्थित अतिथियों व पदाधिकारियों ने सराहना की। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशि कैथोरिया, जिला महामंत्री अमित कच्छवाहा, जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष एवं प्रकोष्ठ संयोजक गण उपस्थित रहें।

जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर 6 अप्रैल को प्रदेश के सभी 65 हजार 14 बूथों पर प्राथमिक सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। इसी दिन पार्टी के सभी कार्यकर्ता अपने-अपने घरों में झंडा लगाएंगे।




कार्यक्रमों में मिष्ठान वितरण कर स्थापना दिवस का उत्सव बनाया जाएगा। 7 से 12 अप्रैल तक गांव चलो, बस्ती चलो अभियान चलाया जाएगा, जिसमें सभी कार्यकर्ता तीन दिन तक प्रतिदिन आठ घंटे गांव व बस्ती में सेवा कार्यों में सहभागिता करेंगे। 8 और 9 अप्रैल को सभी मंडल स्तर पर पार्टी के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारतीय जनता पार्टी का इतिहास, विकास और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण की योजनाएं को बताया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी 14 अप्रैल को भारत रत्न, संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जिले के सभी स्थानों में बाबा साहब की मूर्तियों पर माल्यार्पण, मिष्ठान वितरण कर जयंती मनाई जाएगी। उन्होंने कहा की आगामी 3 अप्रैल को सभी मंडलों की बैठक आयोजित की जाएंगी।

प्रदेश कार्य समिति सदस्य जाहर सिंह ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व की मंशा अनुरूप सभी कार्यक्रम बूथ स्तर पर प्रभावी रूप से आयोजित हो जिसके कार्ययोजना तैयार करें साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी पूर्व प्रधान मंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का शताब्दी वर्ष समारोह मना रही है। इसके लिए पार्टी कार्यकर्ता अटलजी के पत्र, फोटो एवं नेताओं के अटल जी के साथ संस्मरणों और स्मृतियों का संग्रह कर जन-जन तक पहुंचाएं।

विधायकशैलेंद्र जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र हित में वन नेशन वन राशन वन रैंक वन पैंशन जैसे बड़े परिवर्तनों के बाद आज एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए देश प्रधनमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है जिसको लेकर कई राजनैतिक दल समाज में भ्रम उत्पन्न करते है।भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम का भाव लेकर कार्य कर रहे हैं, इसलिए हम सभी की यह जिम्मेदारी बनती है कि समाज को सही दिशा दें। इसके लिए हम सभी को समय-समय पर अलग-अलग विषयों को लेकर जागरूकता लाने का कार्य करना होगा।

### हिमांशु खटीक का पंजाब नेशनल बैंक में पीओ के पद पर चयन हुआ



**सागर।** नरयावली विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्व लीलाधर खटीक के नाती एवं नगर निगम कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक के सुपुत्र हिमांशु खटीक का चयन पंजाब नेशनल बैंक में पी.ओ. के पद पर चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर नगर निगम कर्मचारी संघ एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

## नाबलिग के पिता को दे रहा था आरोपी अश्लील गालियां, नाबालिग ने किया मना तो लगाई आग से झुलसी, पीड़िता को सागर किया रेफर

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा थाना अंतर्गत ग्राम उमरा में एक नाबालिग लड़की को आग लगाने का मामला सामने आया है जिसमें आरोपी शराब के नशे में पीड़िता के पिता को अश्लील गालियां दे रहा था जिसके विरोध में नाबालिग ने मना किया तो उसे देशी शराब डालकर लाइटर से आग लगा दी। पीड़िता को सागर रेफर किया गया है । थाना क्षेत्र गढाकोटा से लगभग 9 किलोमीटर स्थित ग्राम उमरा में रविवार रात 10 बजे ग्राम के सुनील लोधी जो आपराधिक प्रवृत्ति का है उसने ग्राम के व्यक्ति को दबंगता बताते हुए शराब पीकर अश्लील गालियां देते हुए उसके सवारी आटो को आग लगाने कि बात की तो पीड़िता के पिता द्वारा मना किया गया। जिसपर उसे सुनील लोधी गालियां दी । जिसपर नाबालिग पीड़िता द्वारा अपने पिता को गालियां देने से मना करने पर आरोपी सुनील लोधी द्वारा हाथ में लिए देशी शराब कि बाटल को उसके ऊपर डालकर लाइटर से आग लगा दी जिससे नाबालिग झुलस गई। घटना कि जानकारी लगते ही थाना गढाकोटा कि डायल 100 द्वारा पीड़िता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढाकोटा लाया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार कर सागर रेफर किया गया है। थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे ने बताया कि घटना के बाद तुरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया है ओर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

## एडवोकेट महेश नेमा किए संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष मप्र के पद पर मनोनीत

**सागर।** समाजसेवा के पुरस्कार हो या सफल सञ्चालन के क्षेत्र में कई बार सम्मानित हुए एड. महेश नेमा संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष म.प्र. के पद पर मनोनीत हुए है। उन्हें यह पद देवेंद्र प्रताप सिंह चौहान अधिवक्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष संयुक्त अधिवक्ता महासंघ, सर्वजीत सिंह सूर्यवंशी राष्ट्रीय संरक्षक की अनुमति व जयदेव कोल्हटकर अधिवक्ता राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री एवं प्रबल प्रताप सिंह चौहान अधिवक्ता राष्ट्रीय संगठन मंत्री के अनुनय पर जिला सागर मध्य प्रदेश के अधिवक्ता महेश कुमार नेमा को संयुक्त अधिवक्ता महासंघ कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश के पद पर मनोनीत किया है। साथ ही साथ यही आशा करता हूं किमहेश कुमार नेमा अधिवक्ता संपूर्ण मध्यप्रदेश मे शीघ्र अति शीघ्र संगठन का विस्तार कर अधिवक्ताओं के हितों के लिए सदैव तत्पर रहेंगे कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष की अनुपस्थिति पर, प्रदेश अध्यक्ष का संपूर्ण दायित्व निभाते हुए कार्य करेगा, कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष सिर्फ राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेश अनुसार कार्य करेगा जिसमें प्रदेश अध्यक्ष का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा, यह निर्णय मध्य प्रदेश में ओरछा प्रोग्राम को देखते हुए लिया गया है।




प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शिक्षा, खेलकूद के साथ व्यवहारिक ज्ञान पर दिया जोर

## छात्र जीवन आपके भविष्य निर्माण की नींव है : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर संदीप जी आर ने स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने सीएम राईज स्कूल महारानी लक्ष्मी बाई विद्यालय में आयोजित किए इस कार्यक्रम में छात्राओं से कहा कि छात्र जीवन, आपके भविष्य निर्माण की नींव है।

छात्र जीवन के दौरान हमारे द्वारा विभिन्न विषयों से संबंधित अर्जित किया गया ज्ञान ही हमें एक सफल युवा के रूप में ढालता है। उन्होंने शिक्षा, खेलकूद और व्यवहारिक ज्ञान पर जोर देते हुए कहा कि न केवल कक्षा में दी जाने वाली शिक्षा से हम सीखते हैं बल्कि एक ऐसी शिक्षा जो हमें व्यावहारिक,




प्रेक्टिकल अनुभव दे उससे हम विषयों की सही समझ विकसित कर पाते हैं। अतः शिक्षक विद्यार्थियों को ऐसी शिक्षा में भागीदार बनाएं, फील्ड विजिट कराएं और छात्र-छात्राओं को मौलिक अनुभव प्रदान करें। उन्होंने विद्यालय की मेधावी छात्राओं सहित विभिन्न खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित भी किया और निरंतर आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं।उन्होंने समय के सदुपयोग की बात करते हुए छात्राओं से कहा कि वर्तमान में हम सभी मोबाइल के उपयोग से अछूते नहीं है। जरूरत है कि हम अपने फोन को इस प्रकार से उपयोग करें कि वह हमारे ज्ञान अर्जन में सारथी बने। हम अपने समय का सदुपयोग करें और अपने विद्यालय, जिले सहित देश-प्रदेश का नाम रोशन करें।कलेक्टर ने प्राचार्य और शिक्षकों को विद्यालय को तय समय पर खोलने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यार्थियों के लिए शासन से प्राप्त विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक सामग्री जैसे पुस्तक, यूनिफॉर्म, अन्य किट का भी समय पर शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

इस अवसर पर कलेक्टर संदीप जी आर, पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के वी, एसडीएम अदिति यादव ने छात्राओं से संवाद किया और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

## खबर संक्षेप



### बम्हौरी बराना में शानो-शौकत से मनाई गई ईद

**टीकमगढ़।** ग्राम बम्हौरी बराना में ईद उल फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सोमवार सुबह 8:30 बजे जामा मस्जिद में हाफ़िज़ जुल्फिकार हैदरी ने ईद की नमाज अता कराई। नमाज के बाद भाईचारे और अमन-चैन की दुआ मांगी गई और सभी ने गले मिलकर ईद की बधाई दी। इसके बाद सेवइयों और मेहमाननवाजी का दौर चलता रहा। इस अवसर पर हाजी मोहम्मद आज़ाद खान, यासीन खान, रशीद खान, जुम्मन खान, परवेज खान सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाजजन मौजूद रहे।



### प्रवेशोत्सव में बच्चियों को मिला प्रोत्साहन

**टीकमगढ़।** स्कूल चलें अभियान के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को प्रवेशोत्सव आयोजित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता-राहुल सिंह, विवेक चतुर्वेदी, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय और अन्य अधिकारियों ने छात्राओं को पुस्तकें भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया और नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया।

### उत्सव के साथ साक्षरता गतिविधियां आरंभ

**टीकमगढ़।** 1 अप्रैल को नवीन सत्र 2025-26 के लिए छात्र प्रवेश उत्सव कार्यक्रम माध्यमिक शाला ईपीईएस मांची में स्वतंत्र कुमार यादव जनपद सदस्य एवं ग्राम सरपंच भगवती देवी यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें संस्था के प्रभारी जगमोहन दयाल तिवारी द्वारा छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों सहित गणमान्य नागरिकों का स्वागत सम्मान पुरस्कार वितरण के साथ किया।

## शिक्षा के मंदिर और शिक्षा के विकास के लिए मैं रहूंगा तत्परः पूर्व विधायक राकेश

### पठा शासकीय विद्यालय में आयोजित हुआ प्रवेशोत्सव कार्यक्रम, छात्र-छात्राओं को वितरित की गई पुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

मेरी विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के मंदिर रूपी विद्यालयो एवं शिक्षा के विकास को लेकर मुझसे जो बन पड़ेगा बो मैं हर संभव मदद करने के लिए तत्पर रहूंगा। उक्त बात पूर्व विधायक राकेश गिरी ने प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कही। शासकीय स्कूलों में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। जिसके तहत ग्राम पंचायत पठा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम-2025 आयोजित किया गया।



प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टीकमगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक राकेश गिरी एवं पठा सरपंच जयराम राय, प्राचार्य सी एल अहिरवार मौजूद रहे। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा पूर्व विधायक एवं अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत सम्मान किया गया इसके साथ ही प्राचार्य द्वारा उद्बोधन देते हुए पूर्व विधायक राकेश गिरी की सराहना की गई। प्राचार्य सी एल अहिरवार ने संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व विधायक राकेश गिरी के द्वारा हमारे विद्यालय के लिए बाउंड्री वॉल निर्माण हेतु राशि दी गई थी जो अब बनकर तैयार हो चुकी है जिससे अब विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की सुरक्षात्मक दीवार बन चुकी है। पूर्व विधायक राकेश गिरी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की मेरे द्वारा जो भी मदद होगी वह की जाएगी। चाहे वह निर्माण कार्य के लिए हो या फिर छात्र-छात्राओं की पढ़ाई से संबंधित कार्य हो। वह मेरे द्वारा पूर्ण किया जाएगा।

इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व विधायक राकेश गिरी ने सभी छात्र-छात्राओं को पुस्तक वितरण की। साथ ही विद्यालय परिसर में गर्मियों के समय में पेड़ पर पक्षियों के लिए सकोरे लगाए। इस अवसर पर प्राचार्य सी एल अहिरवार, सीएचई किरन खरे, सरपंच जयराम राय, एन के प्रजापति ,कार्यक्रम संचालक अरविंद साहू, नरेंद्र नरबरिया, भागीरथ प्रजापति ,अंजली सोनी , शिवम वर्मा, प्रियंका यादव, प्रीति शर्मा, नीता पुरोहित, नीलम श्रीवास्तव, वैशाली सिंघई सहित छात्र-छात्राएं व शिक्षकगण मौजूद रहे।

## मूक पशु-पक्षियों के लिए जल संकट न बने समस्याः विहिप



**टीकमगढ़।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड पृथ्वीपुर द्वारा हिंदू नव संवत्सर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के शुभ अवसर पर नगर में गौ-प्याऊ प्रारंभ किए गए। इस पहल का उद्देश्य गर्मी के मौसम में मूक पशु-पक्षियों को जल संकट से बचाना है। परिषद ने समाज से भी अपील की है कि वे गौ माता और पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था करें, ताकि वे पानी के अभाव में इधर-उधर भटकने को मजबूर न हों। नगर के विभिन्न स्थानों पर जल टंकियाँ स्थापित करने के इस सेवा कार्य में जिलाध्यक्ष उज्जवल पटैरिया, जिला कोषाध्यक्ष मृदुल त्रिपाठी, जिला संयोजक दीपक पटवा, प्रखंड उपाध्यक्ष ओम नारायण भोंडेले व अवशेष नायक सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान मंदिर एवं अर्चक पुरोहित प्रमुख आशुतोष त्रिपाठी ने इसे पुण्य कार्य बताते हुए कहा कि पशु-पक्षियों की सेवा करना ही सच्ची मानवता है। कार्यक्रम में संदीप शर्मा, प्रमोद नगरया, अंशुल गुप्ता, विक्रम दांगी, अरुण सिरवैया, संभव जैन समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लक्ष्मण जू सरकार मंदिर में कृष्णा दास बने महंत



**टीकमगढ़।** स्थानीय नारगुड़ा दरवाजा स्थित लक्ष्मण जू सरकार मंदिर में संत समिति मंडल की एक महत्वपूर्ण सभा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता बुंदेलखंड पीठाधीश्वर पूज्य संत सीताराम दास महाराज ने की। इस सभा में कृष्णा दास को सर्वसम्मति से महंत पद सौंपने का निर्णय लिया गया।

**तिलक, चादर व पट्टिका से हुआ महंत अभिषेक :**
महंत पद की गरिमा को ध्यान में रखते हुए रामानंद निर्मोही अखाड़ा के संतों द्वारा विधिवत तिलक-चंदन, पूजन-पट्टिका व चादर उड़ाकर महंत पद प्रदान किया गया। इस दौरान संतों और भक्तजनों की उपस्थिति में नव-नियुक्त महंत के लिए कुछ महत्वपूर्ण शर्तें भी रखी गईं।

महंत के लिए निर्धारित जिम्मेदारियाँमंदिर की नियमित पूजा-अर्चना पूर्ण श्रद्धा और समयानुसार करनी होगी। गौ सेवा और संत सेवा को प्राथमिकता देनी होगी। मंदिर में आने वाले बाहरी संतों के ठहरने की व्यवस्था करना आवश्यक होगा। मंदिर परिसर की स्वच्छता और सुरक्षा बनाए रखना महंत की जिम्मेदारी होगी।चेतन व्यवस्था धार्मिक अनुशासन बनाए रखने का विशेष ध्यान रखना होगा।

इस निर्णय पर सभी पूज्य संतों और भक्तजनों ने अपनी सहमति प्रकट करते हुए सर्वसम्मति पत्र पर हस्ताक्षर किए।इस अवसर पर महंत कृष्णा दास ने कहा कि वे पूरी निष्ठा के साथ मंदिर की परंपराओं और संतों के निर्देशों का पालन करेंगे। संत समिति ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे अपने कर्तव्यों का भली-भांति निर्वहन करेंगे।

### मात्र 7 वर्षों में 29 प्लाट, 12 एकड़ जमीन और डेढ़ करोड़ का मकान बनाने की हुई शिकायत

# किराए के मकान में रहने वाला पटवारी बुलेट गति से बना करोड़ों का मालिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

**जिले में भ्रष्टाचार किस हद तक चरम पर पहुंच चुका है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण पलेरा तहसील अंतर्गत हल्का क्षेत्र बुदौर पटवारी द्वारा बुलेट गति से अर्जित की गई करोड़ो की संपत्ती को देखकर लिया जा सकता है। शिकायतकर्ता द्वारा उक्त बूदौर पटवारी की तहसील स्तर से कलेक्टर व संभाग स्तर तक की गई लिखित शिकायत में बताया गया कि उक्त पटवारी ने बुलेट गति से मात्र 7 वर्षो में रिश्तेदारो के नाम से करोड़ो की संपत्ती अर्जित की है। जिसकी जच कर कार्यवाही की जाए।**




शिकायतकर्ता वीरेंद्र श्रीवास ने बूदौर पटवारी गोविन्द सिंह के विरुद्ध एसडीएम जतारा और तहसीलदार पलेरा को दिए शिकायती आवेदन में बताया कि बूदौर पटवारी ने गरीबों और किसानों का शोषण करके भ्रष्टाचार में लिप्त होकर अपने पद का द्रुत गति से दुरूपयोग किया है। पटवारी गोविन्द सिंह द्वारा अपने हल्का क्षेत्र में कई लोगों के साथ भ्रष्टाचार करके जमीनों के रिकार्ड में हेराफेरी करके मोटी रकम बसूली जाती है। उक्त पटवारी के भ्रष्टाचार से संबंधित हल्का के किसान व आमजन परेशान है। पटवारी गोविन्द सिंह गरीब लोगों से पैसा ऐठ कर अपने गृह जिले छतरपुर में अपने रिश्तेदारों के नाम से अपार संपत्ती अर्जित कर रहे है।

**किराए के मकान से मात्र 7 वर्षो में करोड़ो के आलिशान बंगले में :**
शिकायतकर्ता वीरेंद्र श्रीवास ने बताया कि हल्का बूदौर पटवारी गोविन्द सिंह वर्ष 2015-2016 में किराये के मकान में रहते थे लेकिन इन्होने भ्रष्टाचार के सभी रिकार्ड ध्वस्त करते हुये मात्र 7 वर्षो में पटवारी गोविन्द सिंह छतरपुर जिले की सबसे पॉस व मंहगी कॉलोनी यूनिटेक ईनक्लेब में स्थित लगभग डेढ़ करोड़ की क़ीमत के आलिशान बंगले में रहने लगे। जिसकी जांच होनी चाहिए कि इतने कम समय में इतना बड़ा व मंहगा बंगला इन्होने कैसे बना लिया।

**रिश्तेदारों के नाम पर 29 प्लाट और 12 एकड़ कीमती जमीन :**
शिकायतकर्ता वीरेंद्र श्रीवास ने बताया कि हल्का बूदौर पटवारी गोविन्द सिंह ने जबरदस्त भ्रष्टाचार करके बुलेट की गति से संपत्ती अर्जित करते हुये छतरपुर जिले में अपने रिश्तेदारो के नाम पर 29 प्लाट और 12 एकड़ जमीन भी अर्जित की है। जिसमें से 13 प्लॉट छतरपुर जिले के राजनगर में, 7 प्लॉट मातगुवां में, 9 प्लॉट छतरपुर खास में एवं 12 एकड़ से अधिक जमीन छतरपुर के आसपास के क्षेत्र में अर्जित की है। उक्त संपत्ती पटवारी गोविन्द सिंह ने अपनी माँ, बहिन, जीजा एवं अन्य रिश्तेदारों के नाम पर अर्जित की। जो सरकारी रिकार्ड में दर्ज है। जिसके खसरा क्रमांक की कापी और मकान के दस्तावेज शिकायत आवेदन पत्र में संलग्न किये गए है।

**जांच शुरू कर दी है**

पटवारी गोविंद सिंह के विरुद्ध जो शिकायती आवेदन आया है, उसकी जांच शुरू कर दी गई है।

- अवंतिका तिवारी, तहसीलदार पलेरा

## जहर उतारने में निपुण थे फ्रीडम फाइटर परमारः चतुर्वेदी

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मोहन सिंह की स्मृति में आयोजित हुआ कवि सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

**स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. मोहन सिंह जू देव परमार की प्रथम पुण्य स्मृति में ग्राम छिपरी में सुंदरकांड पाठ और विराट कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रतिष्ठित कवियों और साहित्यकारों ने वीरों की गाथाओं को अपने काव्य के माध्यम से प्रस्तुत किया।**



कार्यक्रम की अध्यक्षता महाकवि उमाशंकर खरे पृथ्वीपुर ने की, जबकि मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि विवेक चतुर्वेदी एवं विशिष्ट अतिथि साहित्य अकादमी छत्रसाल सम्मान प्राप्त कवि राजीव नामदेव राना लिधौरी रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र त्रिपाठी ने किया।

मुख्य अतिथि विवेक चतुर्वेदी ने कहा कि भारत फिर से विश्वगुरु बनने की राह पर है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परमार के जीवन पर प्रकाश ड़ालते हुये सांसद प्रतिनिधि चतुर्वेदी ने कहा कि स्व. मोहन सिंह जूदेव परमार केवल स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि समाजसेवी भी थे। वे जहर उतारने की विद्या में निपुण थे और उन्होंने कई लोगों का निःशुल्क उपचार कर जीवनदान दिया। महाकवि उमाशंकर खरे ने बुंदेलखंड के शौर्य और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम में रिटायर्ड डिप्टी कलेक्टर अहिरवार, भरत त्रिपाठी टीकमगढ़, रोहित रजक, वीरेंद्र त्रिपाठी, दयाली विश्वकर्मा सहित अनेक साहित्यकारों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। अंत में आयोजक एवं भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह परमार ने सभी अतिथियों, कवियों और आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

### पूरे नगर में बांटे जा रहे श्रीराम जन्मोत्सव के आमंत्रण

**टीकमगढ़।** श्रीराम जन्मोत्सव परिवार द्वारा नगर में रोज प्रभात फेरी निकाली जा रही है। जिसमें श्रीराम के धार्मिक भजनों से पूरा शहर भक्तिमय हो गया है। साथ ही जगह-जगह भगवान श्रीराम की महा आरती के साथ ही रामभक्तों के लिए स्वलपाहार का आयोजन भी किया जा रहा है। आगामी 6 अप्रैल को नजरबाग मंदिर में श्रीराम जन्म महोत्सव के अवसर पर बुंदेली गायक कविता शर्मा और खनिज देव चौहान द्वारा बधाई गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके पूर्व दोपहर 12 बजे जन्म महोत्सव मनाया जाएगा और सायं 5 बजे से शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए अपने विसर्जन स्थल कर पहुंचेगी। वहीं 22 मार्च से शुरू हुई प्रभात फेरी में अब तक 17 हजार घरों तक आमंत्रण पत्र पहुंचाए जा चुके हैं और मंगलवार को राम भक्तों ने नगर के सिविल लाइन रोड, सुभाष पुरम एकता कॉलोनी, अयोध्यापुरी, ब्राह्मण कॉलोनी और शिवनगर सहित आसपास की कॉलोनियों में घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र और धर्म ध्वज वितरित किए है। श्रीराम जन्मोत्सव परिवार के सदस्य के अनुसार सुबह 7 से 10 बजे तक आमंत्रण वितरण किया गया।

## जनसुनवाई में जनता की समस्याओं का हो रहा समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

प्रदेश शासन के निर्देशानुसार हर मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय के संयुक्त कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में अपर कलेक्टर पीएस चौहान व डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर ने आवेदकों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कार्यक्रम में जिलेभर से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। अधिकारियों ने आवेदकों को उनके समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया से अवगत कराया और जल्द से जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

गौरतलब है कि हर मंगलवार को आयोजित इस जनसुनवाई में नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाता है, जिससे प्रशासन और जनता के बीच संवाद स्थापित हो सके। प्रदेश शासन के निर्देशानुसार हर मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। जिसमें कार्यक्रम में जिलेभर से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा।

## शोभायात्रा के साथ हुआ सिद्धचक्र महामंडल विधान व विश्व शांति महायज्ञ का समापन



**टीकमगढ़।** नगर के प्रसिद्ध जैन तीर्थ क्षेत्र श्री 1008 श्री अतिशय क्षेत्र पपौराजी में गत 24 मार्च से मंगलवार 1 अप्रैल तक चले सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के समापन अवसर पर शोभायात्रा का आयोजन कर श्रीजी को यथा स्थान पर विराजमान कराया गया।

उक्त कार्यक्रम के संबंध में उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र जैन केशवगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि तीर्थ क्षेत्र श्री 1008 श्री अतिशय क्षेत्र पपौराजी में गत 24 मार्च से मंगलवार 1 अप्रैल तक चले सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के समापन अवसर पर विधान के इंद्र-इंद्राणी का पंडित पवन दीवान, सहयोगी संजू पंडित के मार्गदर्शन में नंदीश्वर मंदिर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसे संगीतकार देवेंद्र जैन ने अपने संगीत ध्वनी से आयोजित करवाया। जिसमें सनत जैन प्राचार्य राजमहल रोड टीकमगढ़ बड़ी धूमधाम से आयोजन को और उत्कृष्ठ रूप प्रदान किया। इसी के साथ ही मंगलवार 1 अप्रैल को सुबह 6:30 पर श्रीजी अभिषेक शांति धारा पूजा पंडित पवन दीवान के द्वारा लिखी गई, पपौराजी क्षेत्र का पूजन किया गया। साथ ही हवन इसके बाद श्रीजी की सुबह शोभायात्रा निकाली गई। समस्त कार्यक्रम उपरांत श्रीजी भगवान को उनके यथास्थान विराजमान किया गया। इस संपूर्ण कार्यक्रम में समस्त भक्तों ने भरपूर सहयोग करते हुए कार्यक्रम को एक उत्कृष्ठता प्रदान की।

### जिलेभर में हुईं कार्यवाहियां, देहात क्षेत्र में कसा जुएं व अवैध शराब पर शिकंजा

# पुलिस डायरी...जनसुनवाई कर एसपी ने सुनी जन समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

**पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में पुलिस ने जिलेभर अपराधों पर लगाम लगाने के लिए बिभिन्न अभियानो के तहत कार्यवाहियां की तो बही दूसरी ओर एसपी कार्यलिय सहित जिले के समस्त थानो में जनसुनवाई कर आमजनों की समस्याओ को सुना गया और उनका समाधान किया गया।**

**जनसुनवाई कर किया जनता का समाधान :**
पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिला मुख्यालय पर एसपी कार्यालय में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निराकरण किया गया। इसके साथ ही जिले के समस्त थानो में भी जनसुनवाई का आयोजन कर लोगो की समस्याओ को सुना गया।



**दो जुआ फड़ो पर छापमार कर पकड़े 15 जुआरी :**
पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में देहात थाना पुलिस द्वारा दो अलग अलग जुआ फड़ पर छापामार कार्यवाही कर 15 जुआरियो को पकड़ा गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना देहात प्रभारी अमित साहू के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर की गई कार्यवाही में 15 आरोपियो अजय यादव निवासी भगतनगर, जाहिद ख़ान निवासी भुवनेश्वरी, जितेंद्र रायकवार, आरिफ खान, शिवम सेन, सब्बीर खान, बृजेश रायकवार, दीपक कोरी निवासी भगतनगर कॉलोनी, हरिशंकर अहिरवार, ठाकुरदास कुशवाहा, प्रीतम विश्वकर्मा, बालकिशन चडार निवासी तखा, कैलाश अहिरवार , बशीर अहमद, श्यामलाल विश्वकर्मा निवासी अनंतपुरा को 52 ताश के पत्ते से हारजीत का दांव लगाते हुये पकड़ा। इनके पास से कुल 5 हजार 5 सौ 60 रूपये नगद जप्त किये गए।



**दो लाख से अधिक की 205 लीटर अवैध शराब जब्त :**
एसपी मंडलोई, एएसपी सीताराम, एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात अमित साहू के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक सफेद रंग बुलेरो क्रमांक यूपी 95 एच 2269 को पकड़ा। जिसमे अवैध रूप से विक्रय के लिए शराब की पेटिया ग्राम जतारा तरफ से टीकमगढ लें जाई जा रही थी। जिसमें पीछे की सीट पर तथा बीच बाली सीट पर कुल 23 पेटियां अंग्रेजी शराब कुल 205 लीटर पाई गई। जिसकी कीमत 2 लाख 31 हजार 5 सौ 54 रूपये आँकी गई। उक्त कार्यवाही में आरोपी रजित राजा ठाकुर निवासी ग्राम रोडा थाना कोतवाली जिला ललितपुर को मौके पर गिरफ्तार कर आवकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

## पहली बार वीरपुर में हुई जनसुनवाई, 137 शिकायतों का मौके पर निराकरण

# 4 लाख रुपए की तत्काल मदद, 90 फीसदी शिकायतें मिलीं राजस्व से जुड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले के दूर दराज के क्षेत्रों के लोग लंबा और थका देने वाला सफर किए बिना आसानी के साथ अपनी बात कलेक्टर के समक्ष रख सकें इस उद्देश्य से कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जनसुनवाई करने का नवाचार शुरू किया है। इसी नवाचार के तहत कलेक्टर अर्पित वर्मा ने इस मंगलवार को विजयपुर के बाद वीरपुर में अफसरों के साथ पहुंचकर जनसुनवाई की। इस दौरान 137 लोगों ने अपनी पीड़ा कलेक्टर को सुनाई जिसमें 90 फीसद शिकायतें सिर्फ राजस्व विभाग से जुड़ी मिली जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए राजस्व से जुड़े समस्याओं का निराकरण 1 सप्ताह में कर लेने के निर्देश एसडीएम अभिषेक मिश्रा को दिए। उधर आरबीसी के तहत घूघस निवासी राकेश जाटव को 4 लाख रुपए की सहायता तत्काल दिलाई गई।

पहली बार जनसुनवाई करने के लिए वीरपुर पहुंचे कलेक्टर अर्पित वर्मा को तब आश्चर्य हुआ,जब वहां श्योपुर की तरह दूसरे जरूरत के आवेदन नहीं आए बल्कि राजस्व विभाग से जुड़े आवेदन ही उनको मिलते रहे 90 फीसद आवेदन ऐसे थे, जो राजस्व विभाग से जुड़े हुए थे किसी का नामांतरण नहीं हो रहा था, तो किसी की किताब नहीं बनाई जा रही थी, किसी का सीमांकन नहीं हो रहा था इसी तरह की कई समस्याएं जो सिर्फ पटवारी आरआई, स्तर और तहसीलदार स्तर की थी जिन्हें लोग जनसुनवाई में लेकर आए। राजस्व विभाग की शिकायतें मिलने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए एसडीएम मिश्रा को निर्देशित किया कि वह वीरपुर तहसील में ध्यान दें और यहां पर राजस्व से जुड़ी जितनी भी समस्याएं हैं सबका एक सप्ताह में निराकरण कराएं। पहली बार वीरपुर में जनसुनवाई करने पहुंचे कलेक्टर को देख ग्रामीणों का उत्साह भी अधिक बढ़ा हुआ दिखा। वह कलेक्टर से खूब खुलकर बातें करना चाहते थे समय की कमी के रहते कलेक्टर ने उन्हें आश्वासन दिया कि यह उनकी वीरपुर में आखरी जनसुनवाई नहीं हैं वह दोबारा भी आएंगे। उन्होंने कुछ लोगों को अपना मोबाइल नंबर भी दिया जिस पर व्हाट्सएप के माध्यम से उन्हें जानकारी सूचना भेजने को कहते हुए कहा कि उनका काम एक सप्ताह के भीतर नहीं होता है तो वह इस नंबर पर जानकारी लिखकर दें।



### चेकअप के बाद 70 को निःशुल्क चश्मे वितरण

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने यह नवाचार भी किया है कि जनसुनवाई में आने वालों को स्वास्थ्य लाभ भी मिले उनके ब्लड शुगर, बीपी की जांच भी की जाती है इस क्रम में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन भी किया गया इस शिविर में डॉ जीके गोयल ने 170 मरीजों की आंखों का उपचार कर उन्हें ड्रॉप्स इत्यादि वितरण किया। वहीं कलेक्टर के निर्देश पर 70 रोगियों को निशुल्क चश्मे भी वितरण किए। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बताया कि 12वीं पंचवर्षीय योजना में राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम के तहत प्रेसबायोपिक बीमारी से पीड़ितों को निशुल्क चश्मे देने का प्रावधान है ऐसे मरीजों की जांच के बाद उन्हें तत्काल निःशुल्क चश्मे भी वितरण किए जाते हैं। श्योपुर जिले इन चश्मों का वितरण नहीं किया जा रहा था।

### अफसरों की असंवेदनशीलता पर नाराज़ हुए कलेक्टर

जनसुनवाई में उस समय सन्नाटा खींच गया जब घूंघस गांव से आए राकेश जाटव ने कलेक्टर को बताया कि उसकी बेटी की मृत्यु नहर में बह जाने से हो गई थी लेकिन उसे अभी तक अनुग्रह राशि नहीं मिली है। जब कलेक्टर ने प्रकरण ऑनलाइन देखा तो पता चला कि उसकी राशि तो सरकार से पूर्व में ही स्वीकृत हो चुकी है बस तहसील कार्यालय से संबंधित के बैंक खाते में ट्रांसफर करनी है। इस पर एसडीएम मिश्रा बोले कि वह खुद रुचि लेकर तहसील वीरपुर से एक-दो दिन में संबंधित के बैंक खाते में राशि डलवा देंगे। लेकिन कलेक्टर ने एसडीएम के जवाब से असंतुष्टि जताते हुए कहा कि एक-दो दिन नहीं मुझे आज ही संबंधित के बैंक खाते में यह राशि डालनी चाहिए। जनसुनवाई उठने से पहले राशि डाल दी जाए वरना इस काम में जिसने भी लापरवाही बरती है उसके खिलाफ सख्त एक्शन लीजिए। इसके बाद एसडीएम मिश्रा खुद वीरपुर तहसील के ऑपरेटरों के माध्यम से संबंधित हितग्राही के खाते में राशि डालने के लिए युद्ध स्तर पर जुट गए और जनसुनवाई में ही कलेक्टर को जानकारी दी कि राशि संबंधित के खाते में ट्रांसफर कर दी गई है।

### जनसुनवाई की

हर व्यक्ति को आसानी से कलेक्टर के सामने अपनी बात रखने का अवसर मिले इस उद्देश्य से उन्होंने दूर दराज के क्षेत्रों में जनसुनवाई का निर्णय लिया है पहले विजयपुर में जनसुनवाई की थी, आज वीरपुर में की है। आगे अगरा घूघस जैसे क्षेत्रों में भी जनसुनवाई की जाएगी।


अर्पित वर्मा
कलेक्टर श्योपुर

## ओवरलोड भूसा परिवहन करने वाले वाहनों के खिलाफ यातायात पुलिस ने छेड़ा अभियान

# ओवरलोड भूसा भरकर ला रहे 6 ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर 11 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

ओवरलोड भूसा भरकर शहर सहित जिले की सडकों से गुजर रहे ट्रैक्टर ट्रॉली सहित अन्य वाहन भी सडक हादसों का कारण बन रहे है। इसलिए यातायात थाना पुलिस ने एसपी वीरेन्द्र जैन के निर्देश पर ओवर लोड भूसा परिवहन करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। ट्रैफिक प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने बताया कि इसी अभियान के तहत प्रतिदिन ओवर भूसा परिहवन मामले में वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को यातायात थाने की टीम के साथ शहर के शिवपुरी रोड और बडौदा रोड पर वाहन चैकिंग की कार्रवाई करते हुए सडकों से गुजर रहे 6 ऐसे ट्रैक्टर ट्रॉलियों को पकडा गया,जिनमें चारो तरफ लटकाते हुए ओवर लोड भूसा भरा हुआ था, भूसे से भरे इन 6 ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर 11 हजार रूपए का जुर्माना कर किया गया और इन वाहनों के मालिको को यह हिदायत भी दी गई कि इस तरह ओवरलोड भूसे का परिहवन से कोई हादसा भी घटित हो सकता है,इसलिए अब ओवरलोड भूसा भरकर वाहनों का संचालन नहीं होना चाहिए।



### 15 दिन में ओवरलोड भूसा परिवहन करते 22 वाहन पकडे, 105500 रुपए का जुर्माना किया

यातायात थाना पुलिस ने ओवर लोड भूसा परिवहन करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 15 दिन बीत गए है और बीते 15 दिनों में ओवरलोड भूसा परिवहन करते हुए 22 वाहन पकडे गए है,जिन पर 105500 रूपए का जुर्माना किया गया है। ट्रैफिक प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने बताया कि 15 दिन में ओवर लोड भूसा परिवहन करने के मामले में जो 22 वाहन पकडे गए है,उनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत चालानी कार्रवाई की गई है। इनमें 17 ट्रैक्टरों पर 73500 रूपए, 03 ट्रको पर 7 हजार रूपए, 02 पिकअप वाहनों पर 25000 रूपए का जुर्माना किया गया है।

## बैठक में बनी रणनीति, बूथ स्तर तक आयोजित होंगे कई कार्यक्रम

# स्थापना दिवस और डॉ अंबेडकर जयंती को भव्यता से मनाएगी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




भाजपा आगामी 6 अप्रैल को आने वाले अपने स्थापना दिवस और 14 अप्रैल को आने वाली डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती को भव्यता के साथ मनाएगी और बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक कई कार्यक्रम आयोजित करेगी। यह निर्णय मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित हुई भाजपा की जिला स्तरीय बैठक में लिया गया। बैठक में आए भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का तीसरा कार्यकाल राष्ट्र की राजनीति और विकास पथ में परिवर्तन के एक नए युग की शुरुआत कर रहा है। उन्होने कहा कि 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस है और 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती है। यह दोनो कार्यक्रम बडे स्तर पर मनाए जाएंगे और इस उपलक्ष्य में जिला स्तर से लेकर बूथ स्तर तक क्या क्या कार्यक्रम आयोजित होगे,इस बारे में भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताते हुए उन्हें सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से अभी से जुट जाने का आग्रह किया। बैठक में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजराज सिंह चौहान, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्गालाल विजय, महावीर सिंह सिसोदिया, जिपं उपाध्यक्ष नीरज जाट, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा अशोक गर्ग सहित अन्य भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# छात्रों की सुरक्षा को लेकर कॉलेज प्रबंधन ने उठाया कदम,नियुक्ति किए पांच सुरक्षा गार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय पीजी कॉलेज श्योपुर में पढने के लिए आने वाले छात्र छात्राओ की सुरक्षा को लेकर कॉलेज प्रबंधन ने एक नया कदम उठाते हुए सुरक्षा गार्डो की तैनाती कर ली है। कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि फिलहाल पांच प्रशिक्षित गार्डो की तैनाती करवाई गई है। लेकिन जरूरत लगने पर सुरक्षा गार्डो की संख्या बढा ली जाएगी।

यहां बता दें कि श्योपुर कॉलेज में अभी तक सुरक्षा गार्डो की तैनाती नहीं थी। जिसकारण कॉलेज में कई बार ऐसी स्थिति बन गई कि कॉलेज प्रबंधन को सूचना देकर पुलिस बुलवानी पडी। वहीं छात्र संगठन भी कॉलेज की सुरक्षा को लेकर कई तरह सवाल उठा रहे थे और सुरक्षा गार्डो की तैनाती की मांग कर रहे थे। पिछले दिनों भी कॉलेज में परीक्षा के दौरान थोडी अव्यवस्था की स्थिति निर्मित हो गई थी। जिसके बाद कॉलेज प्रबंधन ने इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए एक कंपनी से अनुबंध करते हुए पांच सुरक्षा गार्डो की तैनाती कॉलेज में करवा ली। कॉलेज प्राचार्य डॉ एसडी राठौर ने बताया कि छात्र सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक अप्रैल से कॉलेज में पांच सुरक्षा गार्डो की तैनाती कर वाली गई है। जरूरत लगने पर सुरक्षा गार्डो की संख्या बढा ली जाएगी।



### सुरक्षा गार्ड की तैनाती छात्रहित में बड़ी जीतः एबीवीपी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की श्योपुर जिला इकाई ने श्योपुर कॉलेज में सुरक्षा गार्डो की तैनाती को छात्रहित में बडी जीत बताया है। एबीवीपी जिला संयोजक गणेश शर्मा ने बताया कि पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्योपुर में सुरक्षा गार्डो की तैनाती किए जाने को लेकर एबीवीपी लंबे समय से मांग उठाती आ रही है। इसके लिए एबीवीपी द्वारा ज्ञापन दिए जाने और कॉलेज की तालाबंदी किए जाने जैसे कदम उठाए गए। जिसका परिणाम कॉलेज में सुरक्षा गार्डो की तैनाती के रूप में नजर आ गया।

# महिला ने संदिग्ध हालत में लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

श्योपुर।शहर के वार्ड क्रमांक 5 में बीती रात को आदिवासी महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों के बीच फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। महिला यहां किराए के मकान में रहती थी,लेकिन उसने फांसी क्यों लगाई इसका फिलहाल पता नहीं है। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने उसके शव को फांसी के फंदे से उतारकर जिला अस्पताल के पीएम हाउस में रखवा दिया गया है,जहां उसके परिजनों के आने के बाद उसका पीएम कराया जाएगा। कोतवाली थाने के उप निरीक्षक जेपीएस जादौन ने बताया कि वार्ड क्रमांक 5 निवासी सलीम खान के मकान में एक महिला पिछले करीब दो माह से किराए से रह रही थी। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान महिला की पहचान सीमा आदिवासी 43 वर्ष पत्नी राजू आदिवासी के रूप में हुई है। फिलहाल उसका पति राजू आदिवासी श्योपुर से बाहर होना बताया गया है। मर्ग दर्ज कर मामले में कार्रवाई की जा रही है।

### मारपीट के मामले में दो आरोपियों को तीन-तीन साल का कठोर कारावास

श्योपुर।चाकू से मारपीट करने वाले दो आरोपियों को श्योपुर के सत्र न्यायालय ने तीन तीन के साल के कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए 10-10 हजार रूपए का जुर्माना किया है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव ने बताया कि तीन साल पुराना मारपीट का यह मामला देहात थाना क्षेत्र का है। तीन साल पूर्व यह विवाद डीजे पर गाना बदलने की बात को लेकर हुआ था। इस विवाद में आरोपी हनुमान मीणा पुत्र बद्रीलाल मीणा तथा कीरू उर्फ अजय पुत्र लोकेन्द्र मीणा निवासी बिलवाडा ने ग्राम मावदा निवासी फरियादी युवक की चाकू से मारपीट कर दी थी। देहात थाना पुलिस ने पीडित युवक की रिपोर्ट पर मारपीट का मामला दर्ज कर चालान श्योपुर न्यायालय में प्रस्तुत किया। विचारण के दौरान न्यायालय ने दोनो आरोपियों हनुमान मीणा और कीरू उर्फ अजय मीणा को दोषी मानते हुए 3-3 साल के कठोर कारावास और 10-10 हजार रूपए के जुर्माने की सजा सुना दी।

### 28 ग्रामीण प्रशिक्षणार्थियों ने लिया सॉफ्ट टॉय मेकिंग का प्रशिक्षण



श्योपुर। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) श्योपुर में चल रहे 13 दिवसीय सॉफ्ट टॉय मेकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का मंगलवार को समापन हुआ। जिसमें 28 ग्रामीण प्रशिक्षणार्थियों ने शामिल होकर सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण डीएसटी सर्टीफाईड कमला भदौरिया द्वारा दिया गया। तथा आरसेटी निदेशक श्योपुर गोडफ्रॉय मार्टिन लकरा ने प्रशिक्षणार्थियो को शासन द्वारा संचालित विभिन्न शासकीय ऋण संबंधित योजनाओ के बारे में जानकारी प्रदान की तथा प्रधानमंन्त्री मुद्रा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रमोद कुमार राय डीएम स्किल एसआरएल एम श्योपुर, हरेश श्रीवास्तव असेसर, पंकज कानवा, दीपक शर्मा, लेखराज सिंह व ब्रजेश गौड़,विशाल गौड़, महावीर शर्मा तथा आरसेटी श्योपुर का स्टाफ मौजूद रहा।

## कमजोर विद्यार्थियों पर अधिक मेहनत करने की जरूरतः गर्ग

# स्कूलों में समारोहपूर्वक मना प्रवेशोत्सव, बच्चों को तिलक लगाकर और माला पहनाकर दिलाया प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जो विद्यार्थी टॉपर हैं वह तो अपनी बुध्दिमिता से पढ़ाई कर परीक्षा में अच्छे नंबरों से पास हो ही जाते हैं। पढ़ाने के लिए अधिक मेहनत तो उन विद्यार्थियों के साथ करनी है जो टॉपर नहीं हैं या फिर जिनके कारण स्कूलों का रिजल्ट खराब रहता है। ऐसे छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षकों को अतिरिक्त मेहनत की जरूरत है। सब पढ़ेंगे तभी पढ़ाई का स्तर सुधरेगा। यह बात जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने जिला मुख्यालय स्थित कन्या उमावि में स्कूल चले हम अभियान के तहत एक अप्रैल को आयोजित हुए प्रवेश उत्सव अभियान का शुभारंभ करते हुए कही। इस अभियान के तहत जिले के सभी सरकारी स्कूलों में प्रवेशोत्सव समारोहपूर्वक मनाया गया और बाल सभाओं का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पार्षद भूपेंद्र गर्ग (धरमू) ने छात्राओं को किताबें देकर उनका प्रवेश उत्सव कराया। इस दौरान शिक्षिकाओं ने छात्राओं को माला पहनाकर और तिलक निकाल कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रिंसिपल भरत जाट ने किया।

### बाल सभाओं का हुआ आयोजन

प्रवेश उत्सव के दौरान मंगलवार को सभी सरकारी स्कूलों में बाल सभाओं का आयोजन किया गया इस दौरान कन्या उमावि में प्रवेशोत्सव कराने पहुंचे डीईओ एमएल गर्ग ने बालसभा की कार्रवाई देखी। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि बाल सभाओं के माध्यम से बच्चों के आत्मविश्वास बढ़ोत्तरी हो ऐसे रुचिकर आयोजित कराए जाएं। उन्होंने कहा कि बहुत से बच्चे बहुत ज्ञानी होते हैं लेकिन संकोची होने के चलते वह अपनी बात को उचित प्लेटफार्म पर ठीक प्रदर्शित नहीं कर पाते हैं। ऐसे बच्चों के भीतर बोलने अपनी बात ठीक से रखने के प्रति आत्मविश्वास में बढ़ोतरी हो तो बाल सभाओं के आयोजनों की सार्थकता है। उन्होंने शिक्षकों से अनुरोध किया कि बाल सभा में हर विद्यार्थी अपना प्रेजेंटेशन दे इसका चार्ट बनाया जाए इस दौरान विद्यार्थियों को विशेष भोज (खीर पुरी) का भोजन भी खिलाया गया।



### लक्ष्य की प्राप्ति तक प्रयास करते रहो : बीईओ

सीएम राइज स्कूल श्योपुर में आयोजित हुए प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची सहायक संचालक (बीईओ) मधु शर्मा ने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने का आवाहन करते हुए कहा कि ₹उठो जागो और तब तक प्रयास करते रहो जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न कर लो₹ सीएम राइज स्कूल में प्रवेश उत्सव कराने पहुंची खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों को गणवेश और पुस्तक वितरित की। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को तिलक निकाल कर और माला पहनकर प्रवेश उत्सव कराया कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने का आह्वान करते हुए कहा कि यही समय है जब आपको अपने भविष्य को संवारना का अवसर मिल रहा है। यह अवसर अगर आपने खेलकूद में गवां दिया तो फिर आप अपने हाथों से खुद अपने जीवन बर्बाद कर लोगे। अगर आज अपने खेल कूद से थोड़ा सा ध्यान हटाकर पढ़ाई की और लगा लिया तो आपका पूरा जीवन सफल होगा आप एक सफल इंसान बन सकते हो आपको खुद चुनना है कि आपको क्या बनना है। इस दौरान स्कूल के प्रिंसिपल अशोक खंडेलवाल ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के टिप्स दिए और उनसे नियमित रूप से स्कूल आने का आह्वान किया।



### लक्ष्य बनाकर करें पढ़ाईः सोलंकी

शासकीय श्री हजारेश्वर स्कूल में आयोजित हुए प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की हैसियत से पहुंचे समाज सेवी बिहारी सिंह सोलंकी ने विद्यार्थियों को किताबें देकर और माला पहनकर एवं तिलक लगाकर उनका प्रवेश उत्सव कराया इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वह मन लगाकर पढ़ाई करें और लक्ष्य निर्धारित करे जिस क्षेत्र में आपकी रुचि है और जिस क्षेत्र में आप अच्छा कर सकते हो उसमें अपना आत्मविश्वास और बढ़ाएं ताकि आप उस लक्ष्य तक आसानी से पहुंच सके उन्होंने जिले के कई ऐसे विद्यार्थियों के उदाहरण दिए जो गरीब थे और ऐसे ही सरकारी स्कूलों में पढकर आज बड़े अधिकारी बनकर बैठे हुए हैं इस दौरान विद्यालय के प्रिंसिपल मनोज पाराशर ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से स्कूलों में आने और पढ़ाई का लाभ उठाने का आग्रह करते हुए कहा कि यह एक माह की पढ़ाई आपको अतिरिक्त इसलिए मिली है ताकि आप अपनी जो कमजोरियां हैं वह यहां आकर दूर कर लें। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि कमजोर बच्चों को ध्यान में रखकर उनके साथ अतिरिक्त मेहनत की जाए।

## विजयपुर के अगरा तिराहे पर हुआ हादसा

# ट्रैक्टर और बाइक की भिड़ंत में एक की मौत,दूसरा रेफर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

विजयपुर थाना क्षेत्र स्थित अगरा तिराहे पर मंगलवार की सुबह करीब नौ बजे एक बाइक और ट्रैक्टर में भिडंत हो गई। इस दौरान बाइक सवार एक किशोर की मौत हो गई। जबकि दूसरा चचेरा भाई गंभीर घायल हो गया,जिसे विजयपुर अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर के लिए रैफर कर दिया गया है। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को भगा ले गया, जिसकारण ट्रैक्टर का कोई अता पता नहीं है। पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रैक्टर और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है।

विजयपुर थाना पुलिस के मुताबिक विजयपुर में अस्पताल के पास रहने वाला मोहित उर्फ गोलू राठौर 22 वर्ष पुत्र केशव राठौर मंगलवार की सुबह अपने चचेरे भाई विष्णु 13 वर्ष पुत्र भीमा राठौर के साथ बाइक से गोपालपुरा चिमनी भट्टे पर जा रहा था। अगरा तिराहे के पास बने मोड पर इनकी बाइक को एक तेज रफ्तार आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनो चचेरे भाई गंभीर घायल होकर सडक पर लहुलुहान अवस्था में गिर पडे। सडक से गुजर रहे लोगो ने दोनो चचेरे भाईयों को अचेत स्थिति में विजयपुर अस्पताल में दाखिल कराया गया,जहां से दोनो को प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर के लिए रैफर कर दिया गया। बताया गया है कि ग्वालियर ले जाते समय विष्णु राठौर पुत्र भीमा राठौर की मौत हो गई।

### घर का इकलौता चिराग था विष्णु

अगरा तिराहे के पास मंगलवा की सुबह घटित हुए दर्दनाक सडक हादसे में मृत हुआ विष्णु राठौर अपने माता पिता का इकलौता बेटा तथा छह बहनों का इकलौता भाई था। विष्णु की मौत से जहां घर का चिराग बुझ गया,वहीं छह बहनों से इकलौता भाई छिन गया। इस हादसे के बाद जहां विजयपुर में गम का वातावरण निर्मित हो गया,वहीं परिवार के कई लोग बेसुध हो गए है।

## खबर संक्षेप

### ऑटो ने बाइक में टक्कर मारी, पति-पत्नी घायल

**अशोकनगर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाल्मीक मोहल्ला निवासी भगवानदास करौसिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अशोकनगर रातीखेडा सडक मार्ग पर ऑटो चालक नंदकिशोर राठौर ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाइक मे टक्कर मार दी। जिससे उसे और उसकी पत्नी को चोटे आई है। पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक के विरूध मामला दर्ज किया है।

### जुआ के अड्डे पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत पुलिस ने चंदेरी मुगावली रोड पर एक जुए के अडडे पर छापामार कार्रवाई कर जुआरियो को गिरफतार किया है। यह जुए का फड एक पेड के नीच चलाया जा रहा था। पुलिस ने समीम खान ,सतीश कोली,शैलेन्द्र साद,भारत कोली,अुर्जन कोली,कमर अंसारी,राजू कोली,कलेक्टर सिंह यादव,डमरूलाल कोली को गिरफतार किया है जिनके पास से पुलिसने ताश की गडडी और 16100 रू गिरफतार किए है।

### विहिप ने श्रीराम दरबार की झांकी लगाई

**अशोकनगर।** श्रीराम महोत्सव समिति के माध्यम से विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा प्रत्येक वर्ष गांधी पार्क पर भगवान श्रीराम जी की झांकी लगाई जाती है राम दरबार सजाया जाता है। इस नव वर्ष 30 मार्च को नव संवत्सर के शुभ अवसर पर झांकी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीराम की आरती का सौभाग्य पंजाबी समाज के अध्यक्ष ताजिंदर खुराना सपरिवार पत्नी बेटी, संजय सलूजा विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष दिनेश जैन अनीता जैन द्वारा भगवान राम की आरती कर धर्म लाभ लिया गया। 9 दिवसीय इस आयोजन मे प्रत्येक दिन धार्मिक आयोजन किया जाएंगे। सोमवार को दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। सभी राम भक्त भाग ले। बुधवार को कवि सम्मेलन होगा ।3 अप्रैल को बच्चों के संस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, 4 अप्रैल को अखाड़ा प्रदर्शन होगा, 5 अप्रैल को भजन संध्या होगी, 6 अप्रैल को भगवान श्रीराम जी की शोभायात्रा हनुमान गंज मंदिर से निकाली जाएगी। कार्यक्रम के संयोजक विकास जैन बल्ली ने बताया कि सभी धर्म प्रेमी बंधु पधारकर धर्म लाभ ले । विश्व हिंदू परिषद प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख डॉ दीपक मिश्रा ने आह्वान करते हुए कहा कि 500 वर्ष बाद भगवान राम का भव्य मंदिर बना है। श्रीराम जी का जन्म उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है।

### सीएम राइज विद्यालय पोहरी में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया प्रवेशोत्सव

# छात्राओं को तिलक लगा और पैर पूजन करके विद्यालय में प्रवेश कराया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

1 अप्रैल से पूरे प्रदेश में शिक्षण सत्र 2025-26 का शुभारंभ हो गया है इस अवसर पर सीएम राइज विद्यालय पोहरी में भी प्रवेशोत्सव कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पोहरी विधानसभा के पूर्व विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्रहलाद भारती उपस्थित रहे। सर्व प्रथम मुख्यातिथि ने छात्राओं के माथे पर तिलक करके और पैर पूजन करके विद्यालय में प्रवेश कराया उसके बाद छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत और सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया एवं मेडल प्रदान किया गया जिससे छात्रों में एक अलग उत्साह देखने को मिला कार्यक्रम में मुख्यातिथि श्री प्रहलाद भारती जी ने छात्र छात्राओं को पुस्तकें एवं गणवेश प्रदान की इस कार्यक्रम में समस्त स्टाफ ने बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ सहभागिता की, प्रभारी प्राचार्य श्री राजेंद्र वर्मा के द्वारा विद्यालय की उपलब्धियां और नए सत्र की कार्ययोजना के बारे में बताया । मुख्यातिथि प्रहलाद भारती ने बताया कि किस तरह हम शिक्षा के द्वारा एक आदर्श नागरिक बनकर समाज सेवा कर सकते हैं भारती द्वारा विद्यालय द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की सराहना की।माध्यमिक विंग के प्रधानाध्यापक श्री महेश कुमार स्वर्णकार के द्वारा आभार प्रकट किया गया।

प्रभारी प्राचार्य राजेंद्र वर्मा, माध्यमिक विंग प्रधानाध्यापक महेश कुमार स्वर्णकार,प्राथमिक विंग प्रधानाध्यापक चन्द्रेश कुमार शर्मा उच्च माध्यमिक शिक्षक स्वाति मिश्रा, सुषमा राजपूत, गुलशन कुमार पवार माध्यमिक शिक्षक दुर्गेश कुमार राठौर, राघवेंद्र भार्गव, मुकेश कुमार चिडार, रीता भदौरिया, शुभि टेडिया, प्रयोगशाला सहायक यासिर अहमद शेख खेल शिक्षक विशाल शर्मा अतिथि शिक्षक राधा शर्मा, पुष्पेंद्र सिंह परमार, ब्रजेश धाकड़, पूजा शर्मा, पवन वर्मा, स्मिता पाठक, मोहरसिंह जाटव, रविकांत स्वर्णकार, बाईसराम यादव व्यवसायिक शिक्षक उत्तम प्रजापति ब्रजेश नामदेव, स्टाफ उपस्थित रहा।




### दिनारा में बालक क्र.1 में प्रवेश उत्सव के साथ स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत

दिनारा। स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 1 अप्रैल से स्कूल में प्रवेश उत्सव, एवं पुस्तक वितरण कार्यक्रम आयोजन किया गया इसमें शिक्षा विभाग के सी ए सी संतोष अहिरवार द्वारा बच्चों को फूल माला से स्वागत किया गया और उन्हें किताबे वितरण की गई इसी कड़ी में सी ए सी संतोष अहिरवार ने शा. एकीकृत बालक माध्य. विद्या. दिनारा क्र.1 शाला परिसर प्राथमिक स्कूल में बच्चों के प्रवेश उत्सव में हिस्सा लिया। प्रधानाध्यापक मीना जोशी एवं शिक्षक राजेन्द्र चतुर्वेदी, और शिक्षका रीता अहिरवार,दीपा सिहं दागी,अनीता गुप्ता अर्चना गुप्ता नीता गुप्ता समस्त स्टाफ ने बच्चों को प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी व बच्चों को पुस्तकें वितरित की। इस दौरान । बच्चों को कविता के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता व शास. एकीकृत बालक माध्य. विद्या. दिनारा क्र.1 स्कूल में शासन की योजना की जानकारी दी। कार्यक्रम में सी ए सी संतोष अहिरवार, प्रधानाध्यापक मीना जोशी आदि उपस्थित रहे। शा. एकीकृत बालक माध्य. विद्या. दिनारा क्र.1 मे कक्षा 1 से 8 वीं तक के बच्चों को भी सी ए सी एवं प्रधानाध्यापक ने पुस्तकें वितरित की। स्कूल में उपस्थित बाई सुनीता सगर सहित मौजोद रही । हालांकि पहले दिन स्कूल में उपस्थिति कम रही है



### यातायात नियमों का उल्लंघन

# 7 आरओ वाटर सप्लायर वाहनों के कटे चालान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे 7 आरओ वॉटर सप्लायर वाहनों पर यातायात पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न चौराहाओं पर चेकिंग लगाकर उन्हें जप्त कर थाना यातायात लाया गया एवं उन पर कार्रवाई की गई। इन सभी वाहनों पर एमवी एक्ट की विभिन्न धाराओं में 10000 का जुर्माना किया गया। जिसमें कुछ वाहन बिना फिटनेस के भी पाए गए। 01 एमपी 33 टी 0713 बिना फिटनेश,परमवीर आरओ वाटर सप्लायर। 02 एमपी 33 एल 0804 बिना फिटनेश परमवीर आरओ वाटर सप्लायर। 03 एमपी 33 एल 0416 हाई सिक्योरिट नंबर प्लेट न होना। गोदावरी आरओ वाटर सप्लायर। 04 एमपी 17 एल 0436 हाई सिक्योरिट नंबर प्लेट न होना। जीके वाटर सप्लायर। 05 एमपी 33 एल 2264 हाई सिक्योरिट नंबर प्लेट न होना। गणेश वाटर सप्लायर। 06 एमपी 33 एल 1924 हाई सिक्योरिट नंबर प्लेट न होना। अग्रवाल वाटर सप्लायर। 07 एमपी 06 एल 1947 यातायात नियमों का उल्लंघन प्योर आरओ वाटर सप्लायर इन सभी वाहनो पर चलानी कार्यवाही की गई।

## रेल पटरियों पर अज्ञात युवक का शव मिला, जांच शुरू

**शाढ़ौरा।** गुना से अशोकनगर की ओर जा रही ट्रेन से एक अज्ञात व्यक्ति की कटकर मौत हो गई है, जिससे आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। गुना से अशोकनगर की ओर जाने वाली गुड्स ट्रेन ने दोपहर 12 बजे के करीब एक अज्ञात व्यक्ति को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मृतक का सिर पटरी पर ऐसा रखा हुआ था मानो वह आत्महत्या करने का प्रयास कर रहा हो। ट्रेन चालक ने घटना की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दी। जिसके बाद पुलिस और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना की परिस्थितियों को देखते हुए आत्महत्या की आशंका को प्राथमिकता दी जा रही है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।



### सेवानिवृति पर सम्मान पूर्वक विदाई दी गई

अशोकनगर। पुलिस चैकी परिसर में एसआई हरनाम सिंह रधुवंशी को सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन जी.एस.कवर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर की गरिमामय उपस्थिति मे किया गया। दोपहर मे सुंदर कांड का अखण्ड पाठ का संगीतमय आयोजन किया गया। पुष्प गुच्छ भेट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपस्थित चैकी प्रभारी पी.एस.चैहान सहित सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा उपहार देकर बारी-बारी से सेवानिवृत्त हरनाम सिंह रघुवंशी को सम्मानित किया। चैकी प्रभारी पी एस चैहान ने कहा कि एएसआई हरनाम सिंह रघुवंशी ने थूबोंन पुलिस चैकी में दस वर्षों से अपने पद पर ईमानदारी निष्ठापूर्वक चैकी के कार्यों में चैकस और तैनात रहते थे। जो कार्य दिया जाता था। उसे आसानी से और निर्भीक हो कार्यों को पूरा कर लेते थे।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जीएस कमर ने दुःख व्यक्त किया की आज हम लोगों के बीच से एएसआई हरनाम सिंह रघुवंशी बिछड़ रहे हैं।

### लोग मांग को लेकर अधिकारियों के दफ्तर पहुंच रहे

# स्कूल, कॉलेज व मंदिरों के पास की शराब की दुकानें बंद कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

शिवपुरी शहर में इन दिनो शराब की दुकानो को लेकर विवाद खडा हो गया है लोग स्कूल कॉलेज मंदिर आदि स्थाने से शराब की दुकानो को बंद कराने की मांग को लेकर अधिकारियो के दफ्तर पहुंच रहे है कही कही तो लोग विरोध करते हुए दुकानो के आगे ही बैठे हुए है दुकान पर शराब लेने आने वाले लोगो का फूल मालाओ से स्वागत भी कर रहे है शराब की दुकानो को लेकर पिछले चार पांच दिनो से शहर में बवाल हो रहा है लोगो ने शराब की दुकानो को लेकर जिला आबकारी अधिकारी से भी शिकायत की है लेकिन विभाग ने अभी तक कोई एक्सन नही लिया है। जानकारी के अनुसार पुरानी शिवपुरी में स्थित नीलगर चौहारे के पास स्थित देशी विदेश कलारी को लेकर वार्डवासी पिछले हफते से विरोध प्रदर्शन कर रहे है इस कलारी को हटवाने के लिए पिछले मंगलवार को वार्ड पार्षद विजय बिंदास ने कलेक्टर को शिकायती आवेदन भी दिया था और कलारी को हटाने की मांग की थी वही शहर के लाल कॉलेज से करीब 300 मीटर की दूसरी पर स्थित अनाज मंडी की दुकान में संचालित देशी विदेशी शराब की दूकान को हटाने की भी मांग की गई यह दुकान पुरानी अनाज मंडी में संचालित है इस दुकान के सामने नगर पालिका का एक ऑफिस भी बना हुआ है।

इस कार्यालय के नीचे तीन से चार दुकान खाली पडी है जिस पर शराबी बैठ कर शराब पीते है गंदी गंदी गलिया देते है नशे की हालत में भी पडे रहते है यही नही इस कलारी के पास मटका पार्क मौजूद है। रात के समय लोग पार्क में भी शराब का सेवन करते है जिससे सुबह पार्क में घूमने आने वाले लोगो को भी परेशानी आती है इस कलारी के आगे से कॉलेज के लिए छात्रायं भी निकली है जिनके साथ कभी भी कोई बडी घटना घाटित हो सकती है। मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में ग्वालियर बाई पास पर स्थित देशी विदेशी कलारी को हटाने की मांग को लेकर कई लोग कलेक्टर से शिकायत करने पहुचे वही लोगो ने इस मामले की शिकायत आबकारी अधिकारी संजय गुप्ता से भी की लोगो ने कहा कि अगर कलारी नही हटती है तो हम उग्र अन्दोलन करेगे। इसी बीच, लक्ष्मीनिवास ए.बी. रोड पर स्थित दुकानदारों और रहवासियों ने भी कलेक्टर से शराब दुकान हटाने की मांग की है। उनका आरोप है कि शराब की दुकान पहले खाली पड़ी जगह पर कंटेनर में संचालित हो रही थी, लेकिन अब इसे दूसरी जगह लाकर खोला गया है, जहां अन्य दुकानें और कई परिवार भी रहते हैं। दुकानदारों और रहवासियों का कहना है कि यह दुकान घोसीपुरा क्षेत्र में आवंटित की गई थी, लेकिन आबकारी विभाग और शराब ठेकेदार की मिलीभगत से इसे एबी रोड पर खोला गया है। कलेक्टर से आग्रह किया है कि शराब की दुकान को पुराने स्थान पर या किसी शांतिपूर्ण स्थान पर स्थानांतरित किया जाए।





# जिला सत्र न्यायाधीश के स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अभिभाषक संघ अशोकनगर के द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पीसी आर्य के स्थानांतरण हो जाने से उनके सम्मान में विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन जिला न्यायालय अशोकनगर में रखा गया।

जिसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश पीसी आर्य के साथ मंच पर उपस्थित, अशोकनगर जिले के कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू एडवोकेट, सचिव रामनिवास शर्मा, एसडीओपी विवेक शर्मा ने मंच साझा किया। जिसमें सर्वप्रथम प्रधान जिला न्यायाधीश के आगमन पर स्वागत किया और स्वागत के बाद अतिथियों के साथ जिला न्यायालय में स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर पर दर्शन कर सभी जिला न्यायालय में हाल ही में बनी संविधान वाटिका में भारत रत्न डॉक्टर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर उपस्थितजनो ने पुष्पहार अर्पित किए। अभिभाषक संघ अशोकनगर के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू द्वारा पीसीआर्य को साफा बांधकर मंगल तिलक लगाते हुए साल श्रीफल भेंट किया और कलेक्टर साहब को मंगल तिलक कर सॉल श्रीफल भेंट किया और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। इस दौरान अभिभाषक संघ की कार्यकारणी उपस्थित रही। इस मौके पर चंद्रशेखर साहु ने नववर्ष के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि जिला सत्र न्यायधीश ने साढ़े पांच महीने में जो कार्य किया है वह साढ़े पांचसौ वर्षों तक भुलाया नहीं जा सकता। आपने साढ़े पांच महीने में जो कर दिया वह 70-75 सालों में अब तक नहीं हुआ आगे वह असंभव काम करके आप यहां से जा रहे है। अभिभाषको की जो भी समस्याए थी। उन समस्याओ का निराकरण कराने मे आपकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिनमे विभिन्न सुविधाओ का जिक्र किया गया।




अगले क्रम में कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे अध्यक्ष को जो ज्ञान रहता है उतना शास्त्रों का ज्ञान हमें भी नहीं है और वह समय-समय पर मीटिंग में हमें अपने ज्ञान से आलोकित करते रहते हैं। सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं डीजे साहब के साथ हमें बार-बार काम करने का मौका मिला मैं लगभग 12 ,13 जिलों में रह चुका हूं लेकिन कहीं ऐसा कॉन्सेप्ट देखने को नहीं मिला जो यहां संविधान वाटिका का कार्य डीजे पीसी आर्य के द्वारा कराया गया है, आने वाले समय में जो भी पक्षकार यहां आएंगे या शाम के समय यह तो एक पिकनिक स्पॉट टाइप का बन जाएगा जो बहुत बड़ी कमी थी हमारे जिले में तो इसके लिए मैं बहुत-बहुत साधुवाद और धन्यवाद देता हूं। एस डी ओ पी अशोक नगर द्वारा विदा ले रहे श्री आर्य के कार्यो की प्रशंसा की और कहा कि संविधान वाटिका का लोकार्पण उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा किया गया है अगर यही कर हम लोकल स्तर पर कर लेते तो इसकी चर्चा पूरे देश में नहीं हो पाती।

अगले क्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रकाश चंद्र आर्य द्वारा विचार साझा करते हुए कहा कि मैं यहां साढ़े पांच महीने से यहां हूं पर मुझे ऐसा लगा जैसे की साढ़े पांच साल हो गए हों जहां आत्मीयता का भाव होता है वहां ऐसा नहीं लगता कि कितना समय हो गया है मुझे खुशी इस बात की है कि जो मैं प्रण लेकर के चला था मैं आप सब के सहयोग से और सक्रिय भूमिका के कारण संपन्न हो पाया वास्तव में संविधान वाटिका के बारे में मेरे मन में विचार आया तो मैंने उसे सर्च किया तो पता चला कि पूरे हिंदुस्तान में सर्वोच्च न्यायालय में केवल ऐसी एक व्यवस्था है बाकी पूरे भारतवर्ष में जिला न्यायालय में किसी ने भी ऐसा कॉन्सेप्ट अपनाया नहीं है शुरू में मुझे असहज भी लग रहा था कि कैसे होगा और उसके परिणाम कैसे मिलेंगे सकारात्मक भी हो सकते हैं नकारात्मक भी हो सकते हैं लेकिन पवित्र विचार के साथ किसी काम को किया जाए तो उसमें सफलता अवश्य मिलती है और आप लोगों के सहयोग से जिसमें हमारे न्यायाधीश भी शामिल हैं कर्मचारी शामिल है और अभिभाषक तो हैं ही एवं प्रशासन भी है सभी के सहयोग से ही अनुठा कार्य हुआ है और इससे ना केवल हम सब की गरिमा बड़ी है बल्कि अशोकनगर जिले की ख्याति में भी वृद्धि हुई है क्योंकि अशोकनगर जिला न्यायालय भारतवर्ष का पहला ऐसा जिला न्यायालय बन गया है । अगले क्रम में आभार व्यक्त सह सचिव पीयूष पाराशर द्वारा किया गया।

### झाड़ झाड़ियों की सफाई के बाद

# श्रमदान से टोंगरा का तालाब लबालब





हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

पिछले वर्ष जल गंगा संवर्धन के तहत अनावश्यक झाड झाडियों की सफाई ,गाद निकालने की कार्रवाई से दिसम्बर में ही सूख जाने वाला तालाब इस बार भरा है लबालब, प्रदेश के मुखिया मोहन यादव जल संरक्षण को लेकर विशेष चिंतित है जल की एक एक बूँद संरक्षित हो इसके लिए उनके द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे है पिछले वर्ष जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जो काम किये गए उनके सुखद परिणाम इस वर्ष देखने को मिल रहे हैं।

ऐसे ही शिवपुरी जिले के टोंगरा पंचायत में बने तालाब की कहानी है इस तालाब में पिछले वर्ष मार्च में ही पूरा पानी सूख गया था टोंगरा के ग्रामवासियो ने कलेक्टर रविंद्र चौधरी के समक्ष पानी की विकराल समस्या होना एवं जलस्तर नीचे जाने की समस्या उठाई थी कलेक्टर चौधरी की दूरदर्शी सोच एवं जनहित के मुद्दों पर संवेदनशीलता के कारण उनके द्वारा टोंगरा तालाब की गाद निकालने ,साफ सफाई करने के निर्देश जलगंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जनपद सीईओ को दिए । तत्कालीन सीईओ जिला पंचायत मरावी के द्वारा जनप्रतिनिधियों और टोंगरा वासियों के समक्ष टोंगरा तालाब में जनसहयोग करने की चर्चा की तो सभी एकमत होकर टोंगरा तालाब की सफाई और गाद निकालने के लिए तैयार हो गए ,अगले दिन सुबह ही विधायक शिवपुरी देवेंद्र जैन जो आमजन की समस्यायों को लेकर सदैव तत्परता दिखाकर उनका समाधान के लिए प्रयासरत रहते है टोंगरा में श्रमदान के लिए पहुंचे इसके अतिरिक्त समाजसेवी यशपाल रावत पडोरा ,जनपद अध्यक्ष हेमलता रघुवीर रावत के साथ टोंगरा के आमजन भी जनसहयोग के लिए आगे आये इधर सीईओ जिला पंचायत शिवपुरी उमराव सिंह मरावी के नेतृत्व में जनपद शिवपुरी और ग्राम पंचायत की टीम टोंगरा तालाब में खाड अनावश्यक झाड झाडियों को साफ करने में लग गए।



जनप्रतिनिधि ,प्रशासन और आमजन तीनो का समन्वय पहली बार देखने को मिला जिसका सुखद परिणाम ये रहा कि जो तालाब दिसम्बर अंत तक सूख जाता था वो इस वर्ष अप्रैल माह में लबालब भरा हुआ है और ग्रामीणों के अनुसार इस वर्ष ये जुलाई अगस्त तक भी सूखने वाला नहीं है सबसे खास बात है इस तालाब में लबालब पानी भरे होने से इस गाँव के जलस्तर में सुधार हुआ है वर्षो से सूखे पडे कुए अब पानी से भरे हुए है लगभग 50 हेक्टेयर कृषि भूमि इस वर्ष सिंचित हुई है टोंगरा के ग्रामीणों का कहना है कि जलगंगा संवर्धन अभियान ने हमारे गाँव की दशा और दिशा दोनों सुधार दी ,पहले हमारे गाँव में पानी की कमी के कारण लडको के ब्याह में परेशानी आ रही थी अब गांव में पानी की कोई समस्या नहीं है।

### इनका कहना है

हमारे गाँव में तालाब में पानी भरे होने से वर्षो से सूखे कुए ,बोर में भी पर्याप्त पानी है आज पानी की कोई समस्या नहीं है

**विद्या रावत** सरपंच टोंगरा

जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत टोंगरा में सराहनीय काम हुआ है ,इसके परिणाम इस वर्ष देखने को मिले है ,जनभागीदारी और जनपद की मेहनत का परिणाम है।

**रवींद्र कुमार** चौधरी कलेक्टर शिवपुरी